विधान परिषद् के प्रथम सत्र, 2023 के प्रथम-बुधवार के लिये निर्धारित श्री अशोक अग्रवाल, मा० सदस्य विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-7 का उत्तर :-

---

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 7 (क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-हरदोई के अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र यू०पी०एस० आई० डी० सण्डीला में बर्जर कम्पनी द्वारा कितना खनन औद्योगिक परिसर में किया गया है ? | जी हाँ । साधारण मिट्टी 32,975 घनमीटर । |
| (ख) | उक्त खनन की गई मिट्टी किस-किस स्थान पर डाली गयी है ? | कान्हा गौशाला, सण्डीला, अटल मिनी स्टेडियम बेनीगंज रोड सण्डीला, डूडा आवासीय में बने गड्ढों के भरान, अन्त्येष्टि स्थल, बेनीगंज रोड से एम०आर०एफ० सेन्टर तक कूड़ा घर मार्ग पर मिट्टी डाली गयी है। |
| (ग) | क्या किसी निजी क्षेत्र को भी उक्त खनन की गयी मिट्टी दी गयी है ? | जी हाँ । |
| (घ) | यदि हाँ, तो कब किस-किस को उक्त खनन की गई मिट्टी दी गयी है? | मे० इकरा एग्रो फूड्स प्रा०लि० फेस-1 भूखण्ड संख्या बी-9फेस-1 इण्डस्ट्रियल एरिया सण्डीला में भराई हेतु 10 दिवस (15-5-2022 से 25-5-2022 तक) तथा पुन: इकरा एग्रो फूड्स प्रा०लि० फेस-1 भूखण्ड संख्या बी-9फेस-1 इण्डस्ट्रियल एरिया सण्डीला में भराई हेतु 10 दिवस (03-6-2022 से 08-6-2022 तक) की अनुमति प्रदान की गयी । |
| (ड.) | क्या उक्त खनन की गई मिट्टी दिये जाने की जिलाधिकारी से अनुमति प्राप्त की गई है ? | जी नहीं। |
| (च) | यदि नहीं, तो उक्त बरती गयी अनियमितता के लिए दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करायेगें ? | जी हाँ । |
| (छ) | यदि हाँ, तो कब तक ? | जिलाधिकारी हरदोई के पत्र संख्या-918/खनन-कठोर चेतावनी/ 2022 दिनांक 07 जनवरी 2023 द्वारा श्री देवेन्द्र पाल सिंह, उपजिलाधिकारी सण्डीला को कठोर चेतावनी निर्गत की गयी है । |

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री।